संख्या एस-18017/101/2015-एसबीएम

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

स्वच्छ भारत मिशन

चौथा तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ कॉम्प्लैक्स, लोदी रोड,
नई दिल्ली-110003, 22 अप्रैल, 2015

सेवा में,

सचिव,
सांख्यिकी तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन,
नई दिल्ली-110001

विषय: एनवाईके तथा एनएसएस की सेवाओं को लेकर स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता की स्थिति की जाँच करने हेतु नमूना सर्वे की प्रगति के संबंध में।

आप इस बात से अवगत हैं कि दिनांक 2 अक्टूबर, 2019 तक स्वच्छ तथा खुले में शौच मुक्त बनाने के उद्देश्य के साथ स्वच्छ भारत मिशन हेतु यह मंत्रालय एक समन्वयकर्त्ता मंत्रालय है। दिनांक 24.03.2015 को पीएमओ साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली में स्वच्छ भारत मिशन पर प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव द्वारा बुलाई गई समीक्षा बैठक में विभिन्न मंत्रालयों के संबंध में स्वच्छ भारत मिशन में की गई प्रगति पर चर्चा की गई।

सांख्यिकी तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय स्वच्छता की सुविधाओं की उपलब्धता तथा उसके उपयोग की स्थिति को जाँचने के लिए नमूना सर्वे कर रहा है और इसके लिए एनवाईके तथा एनएसएस की सेवाओं का उपयोग कर रहा है। आपसे अनुरोध है कि दिनांक 27.04.2015 तक इस मंत्रालय को सर्वे की अद्यतन सूचना भेजें।

(संध्या सिंह)
संयुक्त निदेशक (आईईसी)
दूरभाष: 24364112

प्रति सूचनार्थ:-

1. सचिव (डीडब्ल्यूएस) के पीएस
2. संयुक्त सचिव (एसबीएम-जी) के पीएस
3. उप सचिव (एसबीएम)
4. एनआईसी-मंत्रालय की वैबसाइट पर डलवाने हेतु